निवेशकों को प्राथमिकता पर मिलेगी एनओसी

माई सिटी रिपोर्टर

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एमओयू करने वाले निवेशकों संग एलडीए वीसी ने की बैठक

लखनऊ। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आवासीय व व्यावसायिक रियल एस्टेट प्रोजेक्टों के लिए एमओयू करने वाले निवेशकों को जरूरी एनओसी एलडीए प्राथमिकता पर देगा। एलडीए वीसी इंद्रमणि त्रिपाठी ने अधिकारियों को बिना किसी अड़चन के एनओसी दिलाने के लिए कहा है।

एलडीए वीसी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने निवेशक कंपनियों के प्रतिनिधियों संग की बैठक। -संवाद

शनिवार को एलडीए वीसी ने निवेशक कंपनियों के प्रतिनिधियों संग बैठक की। इसमें वीसी ने उनकी दिक्कतें भी सुनीं। इसके बाद वीसी ने निर्देश दिया कि उनकी परियोजनाओं में आ रही एनओसी आदि की अड़चनों को एक सप्ताह में दूर किया जाएगा, जिससे समय पर परियोजनाओं को शुरू कर पूरा किया जा सके। वहीं दूसरे विभागों को भी एनओसी देने के लिए एलडीए अपनी तरफ से भी नगर निगम, अग्निशमन व यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भी पत्र लिखेगा।

कंपनियों को भी जरूरी शुल्क जमा कराने के लिए कहा गया है। वहीं प्रस्तावित निजी टाउनशिप के आसपास अवैध निर्माण या कॉलोनियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सचिव पवन गंगवार, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा व अधिशासी अभियंता संजय जिंदल व अवर अभियंता अतुल शर्मा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

14 मार्च को होगी बैठक

वीसी ने बताया कि तीन ऐसी परियोजनाएं हैं जिन्होंने क्रययोग्य एफएआर के लिए आवेदन किया है। उनके आवेदन को निस्तारित करने के लिए 14 मार्च को तकनीकी समिति की बैठक बुलाई गई है। इसके अलावा ऑनलाइन नक्शे के आवेदन के लिए बने पोर्टल में भी दिक्कतें सामने आई हैं। इसे देख रहे ऑपरेटर के प्रतिनिधियों को भी बुलाया गया है, जिससे उनका निस्तारण हो सके।